दिनांक : 05.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व पर्यावरण दिवस पर करेंगे ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान का शुभारम्भ।
- उज्जैन में आज ’स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव करेंगे उद्घाटन।
- रेलवे तत्काल टिकट बुक करने के लिए जल्द शुरू करेगा ई-आधार प्रमाणीकरण।
- प्रदेश में अगले 4 दिन तक जारी रहेगा आंधी-बारिश का दौर, कई शहरों में तापमान गिरा।

प्रधानमंत्री - पौधरोपण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व पर्यावरण दिवस पर ‘एक पेड़ मां के नाम’ पहल के तहत नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष पौधरोपण अभियान का नेतृत्व करेंगे। यह अभियान महत्वाकांक्षी ‘अरावली हरित दीवार परियोजना’ का महत्वपूर्ण घटक है जिसका उद्देश्य 700 किलोमीटर लंबी अरावली श्रृंखला पर फिर से वनरोपण करना है। अरावली हरित दीवार परियोजना का लक्ष्य दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के 29 जिलों में अरावली पहाड़ियों के आसपास 5 किलोमीटर का बफर जोन बनाना है। प्रधानमंत्री दिल्ली सरकार की स्वच्छ परिवहन पहल के रूप में 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाया जा रहा है। प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है -प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना।

इधर, प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह में इस वर्ष के ‘‘एक पेड़ माँ के नाम’’ अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन पोर्टल लांच करेंगे। साथ ही पीएचडी छात्रवृत्ति एवं मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा तैयार प्रदेश के वेटलैण्ड एटलस का विमोचन करेंगे।

सरकार के 11 वर्ष

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं- जो भारत की अमृत पीढी - युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है।

वीसी - संजीव शर्मा

’स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट’

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में आयोजित ’स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट’ का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री इस समिट में वेलनेस के लिए एक नई सोच विषय पर संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री समिट में भाग लेने वाले वेलनेस सेक्टर के प्रमुख निवेशकों, नीति-निर्माताओं एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक भी करेंगे। इस समिट का उद्देश्य मध्यप्रदेश को वैश्विक वेलनेस हब के रूप में स्थापित करना तथा उज्जैन को वेलनेस सेक्टर की प्रमुख केंद्र-स्थली के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। मुख्यमंत्री क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

रेलवे- ई-आधार

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि तत्काल टिकट बुक करने के लिए शीघ्र ही ई-आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करना शुरू किया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि इससे वास्तविक उपयोगकर्ताओं को ज़रूरत के समय कन्फ़र्म टिकट लेने में सहायता मिलेगी।

महिला सशक्तिकरण-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा कि लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 50 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

न्यायपालिका-भ्रष्टाचार

सरकार उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने के लिए राजनीतिक सहमति बनाने का प्रयास कर रही है। कुछ महीने पहले न्यायमूर्ति वर्मा के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि न्यायपालिका या कहीं भी भ्रष्टाचार पर राष्ट्र के हित में चर्चा होनी चाहिए।

मौसम

प्रदेश में आज भी मानसून पूर्व की गतिविधियाँ देखने को मिलेगी। यहां बारिश का दौर चलता रहेगा और अगले 4 दिन भी इसी तरह का मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, रतलाम समेत कुल 27 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहले कल भी भोपाल, शाजापुर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सागर, सतना, धार समेत कई जिलों में बारिश हुई। बारिश की वजह से कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है और पारा गिरकर 35 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा जिले में कल राज लगभग 10 बजे 3.8 रिक्टर स्केल के भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। बुरहानपुर, सनावद, खिरकिया, खंडवा सहित कई इलाकों में यह झटका महसूस हुआ। मौसम विशेषज्ञ सौरभ गुप्ता ने बताया कि भूकंप का केंद्र महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शिवाझिरी गांव में था।
- इंदौर में कल कोरोना के सात नए मामले सामने हैं। इसके बाद यहां कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है।
- आगरमालवा जिला जेल में आयोजित हुए टी.बी. स्क्रीनिंग कैंप में 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत जेल में बंदी सभी मरीजो की टी.बी. की स्क्रीनिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- मंदसौर में जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय परिसर में कल सर्वसुविधायुक्त कम्प्यूटर लैब भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।
- डिंडोरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत लाभान्वित पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक का आयोजन जनपद डिंडौरी क्षेत्र में किया गया।
- मंडला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके आज ग्राम झिरिया विकासखंड नैनपुर आगमन कर प्राचीन बावड़ी का अवलोकन कर वृक्षारोपण करेंगी।
- अनूपपुर में जन एवं सामुदायिक सहयोग से एक पेड़ मां के नाम के तहत आज पौधारोपण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय अनूपपुर के पांडव कालीन मॉड्फा तालाब समातपुर एवं कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया है।
- रायसेन में सृजन सेल्फ डिफेंस एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत स्कूली विद्यार्थियों को थाना भ्रमण कराया गया।
- इंदौर के राजा रघुवंशी का शव कल मेघालय से इंदौर लाया गया और यहाँ उनका अंतिम संस्कार किया गया। राजा की पत्नी सोनम अभी तक लापता है और उसकी तलाश की जा रही है।

-------